अब काशी में लगे आवाज मोल कोई ले लो रे भैया

अब काशी में लगे आवाज मोल कोई ले लो रे भैया.....

किसने ले लिए राजा हरिश्चंद्र किस ने ले ली रानी,
किस ने ले लिए कुमर कन्हैया बिक गए तीनों प्राणी,
अब काशी में लगे आवाज मोड़ कोई ले लो रे भैया......

मेहतर ने लिए राजा हरिश्चंद्र पंडित ने लई रानी,
संग में ले लिए कुमर कन्हैया बिक गए तीनों प्राणी,
अब काशी में लगे आवाज मोड़ कोई ले लो रे भैया.....

कितने में लिए राजा हरिश्चंद्र कितने में लई रानी,
कितने में लिए कुमार कन्हैया बिक गए तीनों प्राणी,
अब काशी में लगे आवाज मोल कोई ले लो रे भैया......

एक लाख के राजा हरिश्चंद्र डेढ़ लाख की रानी,
संग में ले लिए कुमार कन्हैया विक गये तीनों प्राणी,
अब काशी में लगे आवाज मोल कोई ले लो रे भैया......

क्या करते हैं राजा हरिश्चंद्र क्या करती है रानी,
क्या करते हैं कुमार कन्हैया बिक गए तीनों प्राणी,
अब काशी में लगे आवाज मोल कोई ले लो रे भैया......

पानी भरते राजा हरिश्चंद्र तपे रसोई रानी,
फूल तोड़ते कुमार कन्हैया बिक गए तीनों प्राणी,
अब काशी में लगे आवाज मोल कोई ले लो रे भैया......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28839/title/ab-kashi-me-lage-awaz-koi-le-lo-re-bhayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |